## सार-समाचार

### विद्यार्थियों को प्रेरणादायक साहित्य दिया

**जोधपुर, (कासं)।** शिक्षा केवल पुस्तकीय ज्ञान तक सीमित नहीं होनी चाहिए, बल्कि उसमें नैतिकता, संस्कार और जीवन मूल्यों का भी समावेश आवश्यक है। इसी उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए विजय गणेश सेवा प्रन्यास, जोधपुर द्वारा कक्षा 6 से 9 तक के विद्यार्थियों के लिए बाल उपयोगी एवं संस्कार प्रदायक साहित्य का वितरण किया गया। इस कार्यक्रम के अंतर्गत महामंदिर क्षेत्र स्थित तिलक नगर के नर्बदा अकादमी एवं मंडोर क्षेत्र के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय क्रमांक 1 में करीब 200 छात्र-छात्राओं को नैतिक शिक्षा से परिपूर्ण साहित्य प्रदान किया गया। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए प्रन्यास के सचिव तिरुपति चंद्र ने बताया कि यह पहल बच्चों में अच्छे संस्कार, नैतिकता और आदर्श जीवन मूल्यों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से की गई। उन्होंने कहा कि शिक्षा का असली उद्देश्य केवल परीक्षा में अच्छे अंक प्राप्त करना नहीं है, बल्कि व्यक्तित्व विकास और समाज के प्रति उत्तरदायित्व की भावना जागृत करना भी उतना ही आवश्यक है। इस अवसर पर नर्बदा अकादमी के प्रधानाचार्य धनराज परिहार एवं विद्यालय की शिक्षिकाएं ज्योति कुमारी और छाया ने विद्यार्थियों को इस साहित्य के महत्व के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि संस्कारयुक्त शिक्षा ही व्यक्ति को सही दिशा में ले जाती है और उसके उज्ज्वल भविष्य की नींव रखती है। वहीं, मंडोर विद्यालय क्रमांक 1 के प्रधानाचार्य चंदन सिंह एवं शिक्षक दुर्गेश और नरेश सोलंकी ने भी इस पहल की सराहना करते हुए विजय गणेश सेवा प्रन्यास का आभार व्यक्त किया। इस महत्वपूर्ण अवसर पर प्रन्यास अध्यक्ष अरुण गट्टानी, ट्रस्टी लोकेश डोडवानी, प्रो. गोविंद सहाय शुक्ला और सुनीता डोडवानी भी उपस्थित रहे।

### 'फोन टैपिंग का मुद्दा उठाना ही गलत'

**जोधपुर, (कासं)।** संसदीय कार्य विभाग विधि एवं विधिक कार्य मंत्री जोगाराम पटेल ने मोबाइल टैपिंग मामले में कहा है कि फोन टैपिंग का मुद्दा उठाना ही गलत है। नियमों के तहत विधानसभा में यह मुद्दा लाया जाना चाहिए था। हम जवाब देने को तैयार है। यह बात उन्होंने आज यहां सर्किट हाउस में मीडिया से बात करते हुए कही। उन्होंने कहा कि फोन टैपिंग पर मंत्री किरोड़ी लाल मीणा खुद कह चुके हैं कि उन्हें सिर्फ इनपुट मिला था इसलिए यह विषय ही खत्म हो जाता है। वहीं जवाहर सिंह बेढम ने भी इस मुद्दे को लेकर सरकार का अधिकृत जवाब दे दिया था, इसलिए अब यह मुद्दा ही खत्म हो चुका है। मुझे विश्वास है कि हमारे साथी बजट सत्र में भाग लेंगे और मुद्दों की बात रखेंगे। कैबिनेट मंत्री जोगाराम पटेल आज अपने गृह नगर जोधपुर प्रवास पर थे। उन्होंने सर्किट हाउस में जनसुनवाई की और कार्यकर्ताओं से मुलाकात की। इस दौरान पंचायत के उपचुनाव में निर्वाचित रोहिला गाव के सरपंच कैलाश और पंचायत समिति केरु के वार्ड 14 से उपचुनाव में निर्वाचित दिनेश राजपुरोहित का साफा पहना कर स्वागत किया। पटेल ने कहा कि यह निर्वाचन सरकार के कामों पर मोहर है। जिला अध्यक्ष के निर्वाचन के बाद पहला चुनाव हुआ है सब ने मेहनत की और उसी का परिणाम है यह जीत। अब सभी मिलकर विकास के कामों को आगे बढ़ाएंगे।

### प्री. लिटिगेशन लोक अदालत लगी

**जालोर, (कासं)।** राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष एवं जिला न्यायाधीश हारून के निर्देशन में शनिवार को विशेष प्री लिटिगेशन लोक अदालत का आयोजन किया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश अहसान अहमद ने बताया कि विशेष प्री लिटिगेशन लोक अदालत में भारतीय स्टेट बैंक के विभिन्न ऋण खातों को लेकर विशेष लोक अदालत का आयोजन किया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण परिसर में आयोजित इस लोक अदालत में एसबीआई के अधिकारियों की ओर से ऋण संबंधित खातों में खाताधारकों को विशेष छूट दी गई, पक्षकारान के आपसी समझाइश के बीच प्रकरणों में समझौता किया गया। इस दौरान कई पक्षकार भी मौजूद रहे। इस दौरान बैंच के सदस्य सरदारखान खोखर, एसबीआई मैनेजर एनपीए मुकेश कुमार, एसबीआई कचहरी शाखा के मैनेजर राजेश दवे आदि उपस्थित रहे।

### घर के बाहर रखी स्कूटी में लगाई आग

**पाली, (नि.सं.)।** पाली में एक घर के बाहर रखी स्कूटी किसी ने जला दी। आग लगती देख पड़ोसियों की मदद से स्कूटी पर लगी आग बुझाई लेकिन तब तक स्कूटी का काफी हिस्सा जल चुका था। घटना को लेकर पाली शहर के सर्वोदय नगर में रहने वाली मायादेवी ने औद्योगिक थाने में शिकायत दी। जिसमें बताया कि 13 फरवरी की शाम करीब साढ़े आठ बजे वह जनरल स्टोर से सामान लेकर आ रही थी। इस दौरान तीन युवकों से कहासूनी हो गई थी। रात करीब 11 बजकर 20 मिनट पर मोहल्लेवासियों के शोर पर वे लोग उठे तो घर के बाहर रखी उनकी वर्ष 2024 मॉडल की स्कूटी जल रही थी। मोहल्लेवासियों की मदद से आग बुझाया लेकिन तब तक स्कूटी का काफी हिस्सा जल चुका था। उन्होंने आरोप लगाया कि जिन लड़कों से उनकी कहासूनी हुई थी। संभवत उन्होंने स्कूटी को जलाया होगा। पुलिस ने पीड़ित की रिपोर्ट लेकर जांच शुरू की।

### पाली में ट्रैक्टर-ट्रॉली पलटी, मौत

**पाली, (नि.सं.)।** पाली में एक दर्दनाक हादसे में एक भाई की ट्रैक्टर ट्रॉली के नीचे दबने से मौत हो गई। दूसरा भाई घायल हो गया। जिसे उपचार के लिए हॉस्पिटल लाया गया। जहां उसका उपचार जारी है। वही मृतक की बॉडी पुलिस ने हॉस्पिटल की मॉर्च्यूरी में शिफ्ट करवाई। जानकारी के अनुसार हादसा पाली जिले के रानी थाना क्षेत्र में इटन्दरा मेड़तियान गांव के निकट शुक्रवार शाम को हुआ। मिट्टी से भरे ट्रेक्टर ट्रॉली पर सवार भरतपुर हाल इटन्दरा मेड़तियान गांव निवासी 19 साल का जितेन्द्र पुत्र प्रतापराम और उसके बड़ा भाई 36 वर्षीय नेतराम पुत्र प्रतापमराम सवार थे। इस दौरान अचानक असंतुलित होकर ट्रेक्टर ट्रॉली पलट गई। हादसे में ट्रेक्टर ट्रॉली के नीचे दबने से जितेन्द्र की मौत हो गई और नेतराम घायल हो गया। जिसे देर रात को उपचार के लिए पाली के बांगड़ हॉस्पिटल लाया गया। जहां घायल नेतराम का उपचार जारी है। वही मृतक जितेंद्र की बॉडी पुलिस ने हॉस्पिटल की मॉच्र्युरी में रखवाई।

### कार की टक्कर से युवक घायल

**पाली, (नि.सं.)।** पाली में तेज रफ्तार स्कॉर्पियो कार ने आगे चल रहे बाइक सवार युवक को टक्कर मार दी। हादसे में घायल युवक सड़क पर तड़पने लगा। लोगों ने पुलिस और एंबुलेंस को सूचना दी। उधर से गुजर रहे दो युवकों ने एम्बुलेंस आने में हो रही देरी को देख तुरंत बाइक पर घायल को बांगड़ हॉस्पिटल पहुंचाया। जहां उसका उपचार शुरू किया गया। पुलिस के अनुसार हादसा पाली शहर के औद्योगिक नगर थाना क्षेत्र में सरदारसमंद रोड पर किसान केसरी पेट्रोल पम्प के निकट हुआ। पुलिस की प्रारंभिक जांच में सामने आया कि अमर इंद्रा नगर पिंजरापोल गोशाल निवासी 24 साल का अचलाराम पुत्र वदाराम बाइक से पाली की तरफ आ रहा था। इस दौरान तेज रफ्तार से आ रहे स्कोर्पियो चालक ने उसे टक्कर मार दी। हादसे में युवक घायल हो गया। जो सड़क पर पड़ा तड़प रहा था। उधर से गुजर रहे बागड़िया गांव के सत्यनारायण और जगदीश घायल को बाइक पर बिठाकर उपचार के लिए पाली के बांगड़ हॉस्पिटल लेकर पहुंचे।

### किराए पर ली एसयूवी बेचने का मामला

**जोधपुर, (कासं)।** अपने परिचित को अपनी एसयूवी किराए पर देना एक व्यक्ति को भारी पड़ गया। परिचित ने गाड़ी के फर्जी दस्तावेज बनाकर गाड़ी को आगे बेच दिया गया। पीड़ित ने अब पुलिस की शरण लेकर परिचित और अन्य के खिलाफ केस दर्ज कराया है। प्रतापनगर सदर थाने में दी रिपोर्ट में संजय सी कॉलोनी, प्रतापनगर निवासी विजय पुत्र गोविन्द सोलंकी ने मामला दर्ज करवाया। इसमें बताया कि उसने अपनी टैक्सी परमिट इनोवा को 15 हजार रूपए मासिक किराए पर चलाने के लिये आखलिया चौराहे पर मिस्त्री रियाज को सौंपी थी। कुछ समय तक उसने किराया दिया और बाद में साजिश रच कर उसने इनोवा गाड़ी को उसकी बगैर सहमति के किसी मोन्टू विश्नोई को बेच दी और न तो गाड़ी की कीमत दे रहा है और नहीं किराया या गाड़ी दे रहा है। पुलिस ने धोखाधड़ी का प्रकरण दर्ज करते हुए अब जांच आरंभ की है।

### मारपीट के परस्पर केस दर्ज

**जोधपुर, (कासं)।** शहर के सूरसागर पुलिस थाना क्षेत्र में मारपीट के क्रॉस केस दर्ज किए गए। सूरसागर पुलिस के अनुसार कबीर नगर, गली नंबर 1 निवासी पूनम पत्नी दीपकपुरी गोस्वामी ने रिपोर्ट दी। इसमें पुलिस को बताया कि रीना एवं विष्णु आदि उससे आए दिन झगड़ा करते है। 13 फरवरी की सुबह के समय उसके घर में घुसकर तोडफ़ोड की तथा मरने और मारने की धमकियां दी। जबकि दूसरे पक्ष की ओर से दी रिपोर्ट में रीना पत्नी विष्णु ने पुलिस को बताया कि दीपक पुरी आदि ने उसके और पति पर पत्थर फेंक कर हमला किया। जिससे उसका पति चोटिल हो गया। पुलिस के अनुसार इनके बीच आपसी विवाद चला आ रहा है।

# जालोर महोत्सव के तहत 'जलसो सायला रो' के कार्यक्रम शुरू

**सायला, (निसं)।** जालोर महोत्सव 2025 के तहत दो दिवसीय जलसों सायला रो कार्य म का शनिवार को खेल मैदान में समारोहपूर्वक शुभारंभ हुआ। समारोह में विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थियों ने घूमर सहित राजस्थान की संस्कृति से ओतप्रोत कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां दी। इसके बाद ढोल व थाली की धुन पर सायला की प्रसिद्ध ऐतिहासिक डबल गेर व बालोतरा के गेरियों ने पारम्परिक वेशभूषा में गेर नृत्य की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में अतिथियों ने जालोर जिले के इतिहास पर प्रकाश डालते हुए कहा कि जिलेभर में पर्यटन की असीम सम्भावना है। जिसके लिए सभी के सामुहिक प्रयासों से विश्व पटल पर ओर भी पहचान बना सकते है।

उपखण्ड समन्वयक मांगीलाल राजपुरोहित ने दो दिवसीय कार्य मों की जानकारी दी। इस दौरान उपखण्ड अधिकारी सूरजभान विश्नोई, तहसीलदार लक्ष्मी चौधरी, प्रधान ढोमीदेवी पुरोहित, विकास अधिकारी गौरव बिश्नोई, सीबीईओ भंवरलाल परमार, भाजपा जिला महामंत्री पुखराज राजपुरोहित, पूर्व प्रधान रामप्रकाश चौधरी, भाजपा मण्डल अध्यक्ष नैनमल लखारा, उपखण्ड सहसमन्वयक विक्रमसिंह दहिया, भामाशाह जामताराम माली, सुरेश राजपुरोहित, एक्सईएन लालचंद वर्मा, थानाधिकारी महिपाल सिंह , केवदाराम चौधरी, उदयसिंह चौहान , प्रवीण शर्मा, मूलसिंह चम्पावत, शम्भूसिंह राजपुरोहित, मुल्तानमल आचार्य, मनमोहन प्रजापत सहित सैकडों क्षेत्रवासी मौजूद थे। कार्यक्रम का मंच संचालन धीराराम पटेल एवं नवाराम सुथार ने किया।

### शोभायात्रा में जीवंत हुई राजस्थान की संस्कृति

महोत्सव के तहत खेल मैदान से भव्य शोभायात्रा निकाली गई। जिसमें बालिकाओं ने सिर पर कलश धारण कर शोभायात्रा की अगुवानी की। शोभायात्रा खेल मैदान से रवाना होकर पंचायत समिति होते हुए शहर के पुराने बस स्टेण्ड, ओटवाला रोड स्थित अम्बेमाता मंदिर पहुंची। शोभायात्रा में सुसज्जित ऊंट, घोड़े व रथ सहित विभिन्न विभागों की झांकिया आकर्षण का केंद्र रही। वही सायला की सुप्रसिद्ध डबल गैर एवं बालोतरा की गैर ने सभी को रोमांचित किया। ग्रामीणों ने राजस्थानी परिधानों में लोक संस्कृति को जीवंत किया। कार्यक्रम में ऊंट नृत्य में नागराज ००7 ऊंट का नृत्य विशेष आकर्षण का केंद्र रहा। नागराज ऊंट ने अतिथियों को माला भी पहनाई।

### प्रतियोगिताओं का हुआ आयोजन

महोत्सव के तहत खेल मैदान में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिसमें रस्साकस्सी प्रतियोगिता, सतोलिया प्रतियोगिता, वालीवॉल प्रतियोगिता, विभिन्न दौड का आयोजन हुआ। जिसमें रस्साकस्सी महिला वर्ग में ग्रामीण महिलाएं विजेता रही। पुरुष वर्ग में प्रशासन की टीम विजेता रही। इस दौरान क्षेत्रभर से प्रतिभागियों ने भाग लिया।

महोत्सव के दूसरे दिन रविवार को सुबह 7 बजे रन फोर सायला का खेल मैदान से कात्यायनी माता मंदिर तक आयोजन होगा। वहीं सुबह 10.00० बजे से शाम 5.00 बजे तक पंचायत समिति हॉल में मेंहदी प्रतियोगिता, रंगोली प्रतियोगिता, म्यूजीकल चेयर प्रतियोगिता, साफा बान्धो प्रतियोगिता, फैन्सी ड्रेस प्रतियोगिता होगी। तत्पश्चात सांय 6 बजे खेलमैदान में सांस्कृतिक संध्या सेलेब्रिटी सिम्फनी नाईट में लोक संगीत, नृत्य व लोक वाद्यो की ताल कचहरी, मनोज रिया एंड पार्टी द्वारा प्रस्तुति दी जाएगी एवं भामाशाहों का सम्मान होगा।

# सूफी फेस्टिवल में देशी–विदेशी कलाकारों की जुगलबंदी ने बांधा समां

**जोधपुर, (कासं)।** मेहरानगढ़ म्यूजियम ट्रस्ट द्वारा आयोजित तीन दिवसीय सेक्रेड स्पिरिट फेस्टिवल 2025 के तहत शनिवार को दूसरे दिन भी संगीत एवं नृत्य की प्रस्तुति आकर्षण का केन्द्र रही। इस दौरान आज दिनभर कई कार्यक्रमों ककी धूम रही।

मेहरानगढ़ म्यूजियम ट्रस्ट के महाप्रबन्धक जगतसिंह राठौड़ ने बताया कि पूर्व नरेश गजसिंह के मुख्य संरक्षण में यह महोत्सव आयोजित किया जा रहा है। फेस्टिवल के दूसरे दिन भी देशी–विदेशी कलाकारों की मनमोहक प्रस्तुतियों ने दर्शकों की वाहवाही लूटी एवं उन्हें झूमने पर मजबूर कर दिया।

सुबह जसवन्तथड़ा पर मॉर्निंग खयाल महफिल के तहत जयपुर के गायक मोहम्मद अमान खान, मुजफ्फर रहमान, तबला व आलोक भट्ट द्वारा सितार के साथ संगीत कार्यक्रम की प्रस्तुति दी।

इसके बाद मेहरानगढ़ के चौखेलाव बाग में कार्नेटिक वायलिन हेरिटेज के तहत सीएस अनुरूप व पार्वती दिलीप व टीम द्वारा कर्नाटक संगीत की समृद्ध विरासत को उजागर करते वायलिन वादन की प्रस्तुति दी गई। वहीं चौखेलाव बाग में ही कुशल ट्रायो के तहत कमायचा संगीत यंत्र के विषेषज्ञ कलाकारों घेवर खान, दारा खान और जावेद खान के साथ पेरिन बॉरेल वायलिन, मैना सेरानो वायलिन, मोसिन कावा तबला, मेहमान कलाकारों के साथ राजस्थान के रेगिस्तान से लेकर आल्प पर्वत तक विषयक जुगलबंदी का कार्यक्रम हुआ। दोपहर में चौखेलाव बाग में ही चिल्ड्रन्स ऑफ टूडे, म्यूजिशियन्स ऑफ टूमारो के तहत कलाकारों द्वारा कालबेलिया नृत्य की प्रस्तुति दी गई।

शाम 5.15 बजे जसवन्त थड़ा पर लैण्डस्केप्स ऑफ इटरनिटी में सीरिया की मूल निवासी, यूरोप की प्रमुख जैज़ संगीतकारों में से एक बांसुरी वादक, संगीतकार और गायक नाइस्साम जलाल अपने बांसुरी वादन की प्रस्तुति दी। शाम 7.30 बजे जनाना ड्योढ़ी कोर्टयार्ड में दी डूडूक्नर एन्सेम्बल के तहत प्रसिद्ध अर्मेनियाई डुडुक वादक, शिक्षक और आविष्कारक जॉर्जी मिनासोव ने अपनी प्रस्तुति से दर्शकों का मन मोह लिया।रात्रि नौ बजे जनाना ड्योढ़ी कोर्टयार्ड में ही शनिवार की अन्तिम प्रस्तुति में विभिन्न कार्यक्रम हुए।

जिनमें आत्मा स्पिरिट के तहत संगीत व नृत्य, महिला कलाकार द्वारा सूफी संगीत, राजस्थान का पारम्परिक लोक नृत्य तेरह ताली सहित इटली के कलाकार डेविड एम्ब्रोगियो द्वारा कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई।

# व्यक्तित्व विकास सहित भविष्य निर्माण पर चर्चा की

**जालोर, (कासं)।** विद्यार्थियों को अपने व्यक्तित्व का सर्वांगीण विकास करना चाहिए जिसके अंतर्गत शारीरिक मानसिक बौद्धिक एवं आध्यात्मिक विकास सम्मिलित हैं और व्यक्तित्व का ऐसा विकास करने पर सफलता स्वत व्यक्ति को प्राप्त होती है। यह विचार कॅरियर गाइडेंस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मोटिवेशनल वक्ताओं ने व्यक्त किए। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला पुलिस अधीक्षक ज्ञानचंद यादव ने की। वहीं कार्यक्रम में प्रेरक वक्ता तौर पर श्रीगुरुकुलम सिरोही के कैलाश चंद्र एवं जाने माने लेखक मनोहर सिंह कोटडा उपस्थित रहे।

जालोर महोत्सव 2025 के अन्तर्गत आयोजित होने वाले कॅरियर मार्गदर्शन कार्यक्रम के समन्वयक डॉ.पवन ओझा ने जानकारी देते हुए बताया कि जिला प्रशासन जालोर, जालोर विकास समिति और पर्यटन विभाग, राजस्थान के संयुक्त तत्वावधान में हर वर्ष की भाँति इस वर्ष भी जालोर महोत्सव के पहले दिन विद्यार्थियों के लिए कॅरियर मार्गदर्शन कार्यक्रम का आयोजन जिला परिषद सभागार में किया गया। कार्यक्रम में वक्ता मनोहरसिंह कोटडा ने प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के संबंध में विस्तार से जानकारी प्रदान की एवं प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान किया

मुख्य वक्ता कैलाश चंद्र जोशी ने व्यक्तित्व विकास के विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से प्रकाश डाला एवं कहा कि व्यक्तित्व का सर्वांगीण विकास जीवन में सफलता के सारे द्वार खोल देता है सफलता के लिए यह भी आवश्यक है कि हमारा चिंतन मनन दृष्टिकोण सदैव सकारात्मक रहे कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए जिला पुलिस अधीक्षक ज्ञानचंद यादव ने विद्यार्थियों के मध्य अपने जीवन के अनुभव शेयर करते हुए कहा कि सतत साधना से ही सफलता प्राप्त होती है सफलता का कोई शॉर्टकट नहीं है सभी विद्यार्थियों को अच्छा नागरिक बनने के लिए कृत संकल्प होना चाहिए।

उन्होंने बताया कि कॅरियर गाइडेंस आपके जीवन का एक बहुत ही महत्वपूर्ण पहलू है। सफलता के लिए कॅरियर मार्गदर्शन बहुत जरूरी है। यदि आप अपने कॅरियर को सही दिशा में देखना चाहते हैं तो कॅरियर गाइडेंस अत्यंत महत्वपूर्ण है। हर कोई सफल होना चाहता है। लेकिन उन्हें सही समय पर सही निर्णय लेने के लिए सही मार्गदर्शन नहीं मिलता है। यदि आपके पास अपने कैरियर के लिए पूर्व-नियोजित गाइडेंस है तो आपकी सफलता सुनिश्चित है । कैरियर मार्गदर्शन के महत्व को कभी कम नहीं समझें। हमारे देश में,जहां हर कोई केवल सरकारी नौकरी चाहता है,अत:अन्य कैरियर विकल्पों को कोई महत्व नहीं देता हैं।

कार्यक्रम का संचालन समन्वयक शांतिलाल दवे, संदीप जोशी ने किया। इस दौरान पूर्व जिला शिक्षा अधिकारी मुकेश सुंदेशा ,समन्वयक डॉ.पवन ओझा कल्पेश बोहरा,मनीष ठाकुर, किशोर सिंह राजपुरोहित ,गोविंद कुमार, निजी महाविद्यालय के संस्था प्रधान पारस गर्ग देशा राम माली सहित लोग व 150 से अधिक विद्यार्थी मौजूद रहे।

### सी.बी.एस.ई. 10 वीं व 12 वीं बोर्ड परीक्षा शुरू

**जोधपुर, (कासं)।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की 10वीं और 12वीं की परीक्षाएं शनिवार से शुरू हो गई। सीबीएसई परीक्षा केंद्रों पर सुबह 10.30 बजे परीक्षा शुरू हुई, जो दोपहर 1.30 बजे तक चली।

पहले दिन दसवीं कक्षा के विद्यार्थियों का अंठोजी कम्युनिकेशन, अंठोजी लैंग्वेज और लिटरेचर का पेपर हुआ। वहीं बारहवीं कक्षा के विद्यार्थियों के लिए इंट्राप्रेन्योरशिप का पहला पेपर था। सीबीएसई परीक्षाओं के पहले दिन परीक्षा केंद्रों पर अभ्यर्थियों में उत्साह का माहौल देखने को मिला। आज सुबह से ही परीक्षा केंद्रों पर छात्रों की भारी भीड़ देखी गई।

परीक्षा केंद्रों पर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था लागू की गई है। छात्रों को सख्त जांच प्रक्रिया से गुजरने के बाद ही परीक्षा केंद्रों में प्रवेश दिया गया। परीक्षा की गोपनीयता और निष्पक्षता बनाए रखने के लिए इस वर्ष भी सीबीएसई ने नए स्कूलों, प्राचार्यों और शिक्षकों को परीक्षा की जिम्मेदारी सौंपी है। इससे परीक्षा प्रक्रिया को पारदर्शी बनाने और किसी भी प्रकार की अनियमितता रोकने में मदद मिलेगी।

# मां–बाप विहीन बेटियों के विवाह का सहारा बनी पाली रेडक्रॉस सोसायटी

**पाली, (नि.सं.)।** भारतीय रेडक्रॉस सोसाइटी पाली के कार्यालय पर पूर्व विधायक ज्ञानचंद पारख, अग्रवाल समाज के पूर्व अध्यक्ष मदन मोहन गुप्ता भामाशाह जगदीश अग्रवाल बॉस, अशोक पंवार भामाशाह अजय मेहता, भामाशाह सुनील गुप्ता (गुप्ता बिल्डर्स) के हाथों आज विवाह योग्य एकता व राखी, दो जरूरत मंद युवतियों के विवाह की समस्त सामग्री खरीद कर कन्यादान के रूप में भेंट की गई ।

रेडक्रॉस सभापति जगदीश गोयल , सचिव जिनेंद्र जैन इस प्रोजेक्ट के प्रभारी व उपाध्यक्ष मेघराज बम्ब ने जानकारी देते हुए बताया कि रेडक्रॉस सोसायटी को जब यह पता चला कि इन दो बच्चियों को पालने वाले परिवारों की आर्थिक स्थिति अत्यंत कमजोर है, तब तत्काल युवतियों के विवाह और दहेज के रूप में समस्त वैवाहिक बच्चियों के कपड़े के बेस, घरेलू सामान, कपड़े, बर्तन, गैस का चूल्हा, कुकर यहां तक की दुल्हे के कपड़े, जूते, दुल्हन की चप्पल आदि आदि खरीद कर युवतीयों एवं परिवार जनों के साथ रेड क्रॉस कार्यालय पर बुलाकर वैवाहिक सामान समर्पित किया गया। सचिव जिनेंद्र जैन ने बताया कि अभी तक ऐसी 12 बच्चियों की शादी रेडक्रॉस सोसाइटी सामाजिक सरोकार के तहत शादी करवा चुकी है,आगे भी इस प्रकार कोई जरूरतमंद परिवार आएंगे तो उसकी सहायता के लिए भी रेडक्रास सोसाइटी आगे भी तैयार रहेगी।

रेडक्रॉस सभापति जगदीश गोयल, सचिव जिनेंद्र जैन, उपाध्यक्ष मेघराज बंब, कोषाध्यक्ष अमरचंद शर्मा, गौतम खिंवसरा, जगदीश अठावाल, डॉ जेपी उदावत, राजेश बलाई , अब्दुल शकूर सिलावत, अनिल गुप्ता, मधुसूदन अग्रवाल, विमल मुंदड़ा, अजय मेहता, ममता गुप्ता, नीतू अमरनानी तथा कार्यालय प्रभारी दिनेश, एंबुलेंस ड्राइवर सिकंदर, दिनेश समर्पित कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

पूर्व विधायक ज्ञानचंद पारख, राधाकिसन मोदी ने तीनों विवाहित होने वाली बच्चियों को आशीर्वाद प्रदानकर सुखी जीवन संयुक्त परिवार के साथ जीने की कामना की।

### कई दुपहिया वाहन चोरी

**जोधपुर, (कासं)।** शहर में अलग अलग स्थानों से दुपहिया वाहन चोरी हो गए। उदयमंदिर पुलिस ने बताया कि पीपाड़ शहर निवासी जगदीशराम पुत्र मायाराम जाट की तरफ से रिपोर्ट दी गई। इसमें बताया कि वह 13 फरवरी को वह कचहरी परिसर आया था। जहां पर खड़ी की उसकी बाइक को चोर ले गया। सरदारपुरा थाने में दी रिपोर्ट में कालूराम की बावड़ी निवासी गिरजेश पुत्र जुगलकिशोर ने बताया कि वह सरदारपुरा क्षेत्र स्थित एक हॉस्टल पर आया था। जहां से उसकी बाइक कोई चुरा ले गया।

# जेडीए भूखंडों की नीलामी के लिए लोगों में उत्साह

**जोधपुर, (कासं)।** जोधपुर विकास प्राधिकरण की माह फरवरी–अप्रैल 2025 के नीलामी कार्यक्रम के अन्तर्गत आवेदकों ने विभिन्न आवासीय, व्यावसायिक, मल्टीस्टोरी एवं सुविधा क्षेत्रों में स्थित भूखण्डों के लिए नियमानुसार धरोहर राशि जमा करवाते हुए ई–नीलामी में भाग लिया जा सकता है।

जोधपुर विकास प्राधिकरण की ई–नीलामी में व्यावसायिक खसरा नं. 701 ग्राम चौखा एवं व्यावसायिक परिवहन नगर के व्यावसायिक भूखण्डों तथा उद्योग विहार के औद्योगिक भूखण्डों एवं सुविधा क्षेत्रों में स्थित भूखण्डों के लिए आमजन में उत्साह एवं भारी रूझान निरन्तर जारी है। ज्ञात रहे कि गत वर्ष माह फरवरी–मई ई–नीलामी कार्यक्रम में भी जेडीए की व्यावसायिक खसरा नं. 701 ग्राम चौखा योजना के व्यावसायिक भूखण्डों की आमजन में भारी मांग एवं रूझान थे। जिसके मद्देनजर ग्राम चौखा ख. सं. 701 के व्यावसायिक भूखण्डों के लिए प्राधिकरण को 87000/–रूपए प्रति वर्गमीटर की उच्चतम बोली दर प्राप्त हुई थी। ऑनलाईन बिड लगाने की अन्तिम तिथि योजनावार विभिन्न भूखण्डों के लिए अलग–अलग निर्धारित की गई है। ई–नीलामी से संबंधित विस्तृत जानकारी, नियम एवं शर्तें प्राधिकरण की वेबसाईट पर देखी जा सकती हैं।

# मंत्री जोगाराम पटेल ने विकास कार्य शुरू कराए

**जोधपुर, (कासं)।** राजस्थान सरकार के संसदीय कार्य, विधि एवं विधाई कार्य मंत्री जोगाराम पटेल ने शनिवार को जोधपुर जिले में विभिन्न विकास परियोजनाओं का शुभारंभ किया।

पटेल ने जोधपुर विकास प्राधिकरण द्वारा ग्राम पंचायत बोरानाडा, लूणी में 239.32 लाख रुपये की लागत से निर्मित सीसी सड़क का लोकार्पण किया। यह सड़क ग्रामीणों को सुगम यातायात सुविधा प्रदान करेगी, जिससे उनके दैनिक जीवन में सुधार आएगा और क्षेत्र के आर्थिक एवं सामाजिक विकास को बल मिलेगा।

इस अवसर पर पटेल ने कहा की प्रदेश सरकार ग्रामीण और शहरी विकास के प्रति पूर्णत: समर्पित है। हमारी प्राथमिकता है कि हर गांव, हर कस्बे तक आधारभूत सुविधाएं पहुंचे और नागरिकों को सुगम परिवहन व्यवस्था मिले। यह सड़क क्षेत्र के विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बोरानाडा में साइकिल वितरण कार्यक्रम में भाग लिया ।

पटेल ने राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय धवा, पंचायत समिति धवा में आयोजित साइकिल वितरण कार्यक्रम में भाग लिया। इस कार्यक्रम के तहत 120 छात्राओं को नि:शुल्क साइकिलें वितरित की गईं। जोगाराम पटेल ने कहा की शिक्षा किसी भी समाज की प्रगति का आधार होती है। बालिकाओं को शिक्षा से जोड़ने और उनकी सुविधा को ध्यान में रखते हुए सरकार निरंतर प्रयासरत है।

# रेलवे ने महाकुंभ यात्रियों के लिए पलक पावड़े बिछाए

**जोधपुर, (कास) ।** भारतीय रेलवे की ओर से महाकुंभ मेले के श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए विशेष प्रयास किए जा रहे हैं ताकि महाकुंभ में आने वाले यात्रियों को सुगम रेल परिवहन के साथ–साथ बेहतर यात्री सुविधाएं प्रदान की जा सके।

भारतीय रेलवे द्वारा महाकुंभ के लिए 1233 स्पेशल ट्रेनों का संचालन किया जा रहा है जिससे लगभग 43.70 लाख यात्रियों ने विभिन्न गंतव्यों के लिए यात्रा की। उल्लेखनीय है कि मुख्य स्नान पर्वो के दौरान 725 स्पेशल ट्रेनों का संचालन किया गया है। रेलवे का महाकुंभ मेले में लगभग 1 करोड़ श्रृद्धालुओं के रेल मार्ग से पहुंचने का अनुमान है, इसके अनुसार रेलवे द्वारा व्यवस्था की जा रही है।

प्रयागराज शहर क्षेत्राधिकार में 9 स्टेषन है जहां से विभिन्न गंतव्य के लिए यात्री रेल सुविधा का लाभ प्राप्त कर सकते है। प्रयागराज जं., प्रयाग, नैनी जं., प्रयागराज छिक्की, सूबेदारगंज, प्रयागराज संगम, फाफामऊ, प्रयागराज रामबाग और झूंसी स्टेशनों पर यात्रियों के लिए रेलवे द्वारा विशेष व्यवस्था की गई है।

महाकुंभ के लिए स्टेशनों पर 7 नए प्लेटफार्म का निर्माण किया गया है। वर्तमान में प्रयागराज शहर के 9 स्टेशनों पर 48 प्लेटफार्म उपलब्ध करवाए गए है। रेलवे द्वारा महाकुंभ मेले में यात्री सुविधाओं से सम्बंधित कार्यों पर 4000 करोड़ रूपए से अधिक की लागत के कार्य किए गए है।

सूबेदारगंज स्टेशन को टर्मिनल स्टेशन के रूप में विकसित किया गया है ताकि इस स्टेशन से ट्रेनों को आरम्भ व टर्मिनेट किया जा सके।

महाकुंभ मेला 2025 में वर्तमान में आने वाले श्रद्धालुओं को देखते हुए रेलवे द्वारा 9 फरवरी को प्रयागराज क्षेत्राधिकार से 330 स्पेशल ट्रेनों का संचालन किया गया जिसमें लगभग 12.5 लाख यात्री लाभान्वित हुए तथा 10 फरवरी को 15.00 बजे तक 201 स्पेशल ट्रेनों से 9 लाख से अधिक यात्री यात्रा कर चुके है। इसके साथ ही मांग के अनुसार अनारक्षित स्पेशल ट्रेनों का संचालन भी नियमित रूप से किया जा रहा है। रेलवे द्वारा महाकुंभ में आने वाले यात्रियों की संख्या की लगातार मॉनिटरिंग की जा रही है और स्थितियों की समीक्षा कर स्पेशल ट्रेनों का संचालन किया जा रहा है।

रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव महाकुंभ में रेलवे की व्यवस्थाओं की मॉनिटरिंग कर रहे हैं तथा अधिकारियों को दिशानिर्देश प्रदान कर रहे हैं। मेले में बेहतर रेल सुविधाओं के लिए महाप्रबंधक/उत्तर मध्य रेलवे तथा मण्डल रेल प्रबंधक/प्रयागराज कैम्प कर व्यवस्थाओं पर नजर रख रहे हैं।

स्टेशनों पर यात्रियों के लिए वेटिंग रूम और वेटिंग हॉल, स्लीपिंग पॉडस, रिटायरिंग रूम व डोरमेट्री, दिव्यागों व बुजुर्गों के लिए प्लेटफार्म पर आवागमन के लिए बैटरी से संचालित होने वाली कार, व्हील चेयर, सहायता बूथ, उद्घोषणा प्रणाली, प्राथमिक चिकित्सा बूथ व क्लॉक रूम की सुविधा नियमित रूप से उपलब्ध करवाई गई है। इसके साथ ही भीड को देखते हुए आवश्कतानुसार प्रवेश व निकास की अलग–अलग व्यवस्था का प्रावधान भी किया गया है। पर्याप्त संख्या में टिकट काउंटर एवं एटीवीएम की सुविधा प्रदान की गई है। रेलवे द्वारा प्रतिदिन 10 लाख टिकट प्रदान करने की क्षमता को विकसित किया गया है।

स्टेशनों पर सुदृढ़ सुरक्षा व्यवस्था के लिए रेलवे सुरक्षा बल के कर्मी तैनात किए गए है। हरित व स्वच्छ वातावरण की उपलब्धता के लिए स्टेशनों पर पर्याप्त संख्या में सफाई कर्मचारी नियुक्त किए गए है। रेल संचालन सुगम व संरक्षित हो इसके लिए विभिन्न मण्डलों से लगभग 10 हजार रेलकर्मियों की नियुक्ति प्रयागराज शहर के स्टेशनों पर की गई है। महाकुंभ में रेलवे द्वारा व्यवस्थाओं की लगातार मॉनिटरिंग की जा रही है तथा यात्रियों को बेहतर रेल सुविधाएं प्रदान करने के लिए कार्य किए जा रहे हैं।

उत्तर पश्चिम रेलवे द्वारा 13 महाकुंभ मेला स्पेशल रेलसेवाओं का संचालन किया जा रहा है, जो उत्तर पश्चिम रेलवे के विभिन्न स्टेशनों जैसे उदयपुर सिटी, बाडमेर, गंगानगर, अजमेर, जयपुर, जोधपुर, बीकानेर से संचालित की जा रही है। इसके साथ ही प्रयागराज महाकुंभ जाने वाले यात्रियों को सुविधा व जानकारी के लिए महाकुंभ 2025 बुकलेट का वितरण भी किया जा रहा है।

### मोबाइल एसेसरीज के गोदाम में चोरी

**जोधपुर, (कासं)।** मोबाइल एसेसरीज बेचने वाली दुकान के गोदाम से सामान चुराने का मामला सामने आया है। व्यापारी ने उदय मंदिर थाने में मामला दर्ज करवाया गया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार फिलहाल पुलिस मामला दर्ज कर जांच में जुटी है।

अमन भंडारी ने पुलिस को दी रिपोर्ट में बताया- उनकी एक दुकान राय बहादुर बाजार फर्स्ट फ्लोर पर है। इस दुकान में 8-9 कर्मचारी काम करते है। दुकान से पिछले लंबे समय से मोबाइल एसेसरीज को बेचा जाता है।

उसके लिए एक गोदाम भी रखा गया है, जो चांद शाह तकिया रोड रिया कलेक्शन वाली बिल्डिंग के तीसरे फ्लोर पर है।

पिछले कुछ समय से मोबाइल कंपनी और अन्य कंपनी का माल स्टॉक में कम आ रहा था, जिसका संदेह होने पर जानकारी जुटाई। इस पर पता चला कि गोदाम का कैमरा बंद है।

बताया कि दुकान में काम करने वाले स्टाफ अक्षय और उसके भाई ने गोदाम में लाइट के कनेक्शन को बंद कर दिया था।

इस पर इस बिल्डिंग में स्थित रिया कलेक्शन के सीसीटीवी कैमरा को चेक किया। सीसीटीवी में दुकान में काम करने वाला पंकज नाम का कर्मचारी रात में गोदाम में आता-जाता दिखाई दिया। वह माल की चोरी कर अपने भाई को माल का कार्टून देता था।

इस तरह से लाखों रुपए का माल गोदाम से पंकज और उसके भाई अक्षय ने चोरी कर दिया है।


**भारतीय स्टेट बैंक State Bank of India** — भारतीय स्टेट बैंक, तनावग्रस्त आस्ति वसूली शाखा, तृतीय मंजिल, मैट्रिक्स मॉल सेक्टर-4, जवाहर नगर, जयपुर (राजस्थान)-302004

ई-मेल : sbi.18184@sbi.co.in, शाखा कोड : 18184, फोन : 0141-2657811, 2657921, 2657926, 2657989

परिशिष्ट IV क [ नियम 8(6) व 9 (1) का परन्तुक देखें ]

**अचल सम्पत्ति के विक्रय हेतु ई–नीलामी विक्रय नोटिस**

प्रतिभूतिहित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8(6) व 9 (1) के परन्तुक के साथ पठित वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अधीन अचल आस्तियों के विक्रय हेतु ई-नीलामी विक्रय नोटिस।

आम लोगों को तथा विशेष रूप से उधारकर्ता और प्रत्याभूति-ऋणी मेसर्स शिव शंकर फूट कम्पनी जरिये प्रोपराईटर श्रीमती लवीना देवी पत्नी श्री भगवान दास हरवानी एवं जामती श्री बाल कृष्ण छंगाणी पुत्र श्री प्रेम सुख छंगाणी को यह नोटिस दिया जाता है कि नीचे वर्णित अचल सम्पत्ति जो प्रतिभूत लेनदार के पास बंधकशुदा है, का वास्तविक कब्जा भारतीय स्टेट बैंक के प्रतिभूति लेनदार के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा ले लिया गया है, को जहाँ है, जैसी है और जो कुछ भी है'' और ''दायित्व रहित'' के आधार पर दिनांक 18.03.2025 विक्रय किया जायेगा। प्रतिभूति लेनदार की राशि रुपये 4,33,57,751.00 (अक्षरे रूपये चार करोड़ तेतीस लाख सत्तावन हज़ार सात सौ इकावन रूपये मात्र) दिनांक 02.09.2024 को बकाया तक ब्याज शामिल करते हुए तथा इससे आगे का ब्याज व अन्य खर्चे अतिरिक्त जो की मेसर्स शिव शंकर फूट कम्पनी जरिये प्रोपराइटर श्रीमती लवीना देवी पत्नी श्री भगवान दास हरवानी एवं जमानती श्री बाल कृष्ण छंगाणी पुत्र श्री प्रेम सुख छंगानी से सम्बंधित है उक्त खाते में आरक्षित मूल्य व धरोहर राशि निम्नलिखित है। इच्छुक बोलीदाता https://www.eBkray.in के पास प्री-बिड ईएमडी की राशि ई-नीलामी शुरू होने से पूर्व जमा कर सकते है। https://www.eBkray.in के बैंक खाते में भुगतान की प्राप्ति और ई-निलामी वेबसाइट में ऐसी जानकारी को अपडेट करने के बाद ही बोलीदाता को प्री-बिड ईएमडी का क्रेडिट दिया जाएगा। इन कार्यवाहियों को अद्यतन/अपडेट होने में बैंकिंग प्रक्रिया के अनुसार कुछ समय लग सकता है और इसलिए बोलीदाताओं को उनके स्वयं के हित में सलाह दी जाती है कि अंतिम समय की किसी भी समस्या से बचने के लिए बोली पूर्व ईएमडी राशि पर्याप्त समय रहते जाम करें।

| अचल आस्तियों का विवरण | 1. आरक्षित मूल्य<br>2. धरोहर राशि<br>3. निलामी दिनांक | समय |
|---|---|---|
| लॉट 1 साम्यिक बंधक का सब हिस्सा और खंड जो की श्रीमती लवीना देवी पत्नी श्री भगवान दास हरवानी के नाम प्लॉट नं. 270/1, ग्राम बनार, गंगा विहार योजना, जोधपुर, राजस्थान स्थित व्यवसायिक प्लॉट जिसका क्षेत्रफल 3818.75 वर्ग फीट है। जिसकी सीमाये निम्न प्रकार है: पूर्व में : इन्फोर्मड मार्केट, पश्चिम में: 40 फिट रोड़, उत्तर में: रोड़, दक्षिण में : प्लॉट नं. 146, 286 एवं लेन | 1. रु. 17,25.000 लाख<br>2. रु. 1,72,500 लाख<br>दिनांक : 18.03.2025 | प्रातः 11:00 बजे से दोपहर 03:00 बजे तक |
| लॉट 2 साम्यिक बंधक का सब हस्सिा और खंड जो की श्री बाल कृष्णा छंगाणी पुत्र श्री प्रेम सुख छंगाणी के नाम प्लॉट नं. 144, एल आई सी-प्रथम चौपासनी रोड, कमला नेहरू नगर, जोधपुर, राजस्थान स्थित आवासीय भूमि एवम निर्मित भवन जिसका क्षेत्रफल 600 वर्ग गज है। जिसकी सीमाये निम्न है - पूर्व में : प्लॉट नं. 145 पश्चिम में : प्लॉट नं. 143 एवं लेन, उत्तर में : रोड़, दक्षिण में : प्लॉट नं. 146 एवं 286 एवं लेन | 1. रु. 3,78,00,000 लाख<br>2. रु. 37,80,000 लाख<br>दिनांक : 18.03.2025 | प्रातः 11:00 बजे से दोपहर 03:00 बजे तक |

अन्य भार-अगर कोई : लॉट 1 ज्ञात नहीं लॉट 2 भगवान दास नानक राम खाते मे विस्तारित साम्यिक बंधक विक्रय के निबंधन और शर्तो के ब्यौरे के लिए कृपया नीचे दिए गए भारतीय स्टेट बैंक, तनावग्रस्त आस्तिवसूली शाखा (एस ए आर बी) जयपुर (राज.) प्रतिभूति लेनदार की वेबसाई अर्थात https://sbi.co.in/web/sbi-in-the-news/auction-notices/sarfaesi-and-others तथा https://www.eBkray.in देखें।

दिनांक : 14.02.2025, स्थान : जयपुर (राज.) — प्राधिकृत अधिकारी, भारतीय स्टेट बैंक